घनश्याम मेठी
लेखक एवं साहित्यकार

- राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य : वैश्य महासम्मेलन
- राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य : वैश्य महासम्मेलन
- संगठन मंत्री : वैश्य महासम्मेलन, राजस्थान
- जिलाध्यक्ष : दौसा जिला जन सतर्कता समिति
- जिलाध्यक्ष : अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन
- डायरेक्टर : राष्ट्रीय भ्रष्टाचार टाईगर्स संस्थान, जिला-दौसा
- संगठन मंत्री : गायत्री परिवार, दौसा

ऑफिस : C/o मेठी ट्रेडर्स, नई मण्डी रोड, दौसा (राज.) Ph. : 01427-231787 (O), 01427-230387 (R) Mob. 9414042787

क्रमांक

दिनांक-----------------

यह भी लिखना

घनश्याम मेठी, दौसा

सम्पादकों के नाम एक पैगाम।

दुनिया भर की खबर लिखते, राजनीति के हालात लिखते, नेताओं की करनी लिखते, हँसी खुशी के समाचार लिखते, मंडियों के भाव लिखते, लोगों के रोज के राशिफल लिखते, लोग सुबह उठते उठते आपके अखबार चाव से पढ़ते ये सभी तो रोज लिखते हो

लेकिन यह भी लिखना :

अपनी खुशियों को कम लिखना,
औरों के भी गम लिखना।
हँसते अधरों के पीछे
कितनी आँखें हैं नम लिखना।
किसका आप विश्वास करें
झूठी हुई कसमें लिखना।
महलों में तो मौजे हैं
कुटियों (झौंपड़ियों) के मातम लिखना।
तंत्र मंत्र में डूबे सब
लोकतंत्र हो गया बेदम लिखना।
नेताओं के पेट बड़े
सबकुछ करें हजम लिखना।
मतलब हो तो गैरों की
भरते लोग चिलम लिखना।
अब तक पूज्य बने थे जो
वो भी हुए अधम लिखना।
भर दे सबके घावों को
अब ऐसा मरहम लिखना।
झूठों के घर सच के पहरे
झूंठे महिमामंडित होते लिखना।
मतलब की सारी दुनिया सारी
घनश्याम मेठी का यह पैगाम लिखना।

आपका शुभेच्छु

घनश्याम मेठी (दौसा)

प्रदेश संगठन मंत्री,

वैश्य महासम्मेलन, राज.